**भारत सरकार**
**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**
**कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2544**
**9 जुलाई, 2019 को उत्तरार्थ**

**विषय: अनानास किसानों को नुकसान**

**2544. श्री अब्दुल खालेकः**

**क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या पश्चिम त्रिपुरा में किसानों को इस साल गंभीर नुकसान उठाना पड़ा है, क्योंकि अपने स्वाद के लिए प्रसिद्ध अनानास की लोकप्रिय किस्म रानी के लिए खरीददारों की कमी है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार ने पीड़ित किसानों को सहायता देने के लिए कोई कदम उठाया है?

**उत्तर**
**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**

**(क):** इस विभाग में ऐसी कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

बागवानी और मृदा संरक्षण निदेशालय, त्रिपुरा सरकार ने सूचित किया है कि त्रिपुरा के अनानास के लिए प्रचार कार्यकलापों के कारण राज्य से बाहर अनानास फल के व्यापक प्रसार में 30 गुना की वृद्धि हुई है। राज्य से बाहर अनानास फल के कुल 417 एमटी प्रसार में से लगभग 300 एमटी अकेला रानी अनानास ही है। स्थानीय मंडी में रानी अनानास के खुदरा मूल्य के साथ-साथ थोक मूल्य में भी पिछले वर्ष के मूल्य की तुलना में लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**(ख)** बागवानी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए केन्द्रीय प्रायोजित योजना नामत: एमआईडीएच कार्यान्वित की जा रही है जिसमें फलों (अनानास सहित), सब्जियों, कंद और मूल फसलों, मशरूम, मसालों, फूलों, सुगंधित पौधों, नारियल, काजू और कोको को शामिल किया जा रहा है। सभी राज्य (त्रिपुरा सहित) और केन्द्र शासित प्रदेश एमआईडीएच के तहत कवर किए जाते हैं।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, इस क्षेत्र में क्वीन किस्म को बढ़ावा देने/लोकप्रिय बनाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए जा रहे हैं:

- त्रिपुरा क्वीन अनानास को राज्य का फल घोषित करना।
- देश भर में क्रेता-विक्रेता बैठकों और अनानास उत्सवों का आयोजन करना।
- आगुन्तकों को विभिन्न प्रकार के अनानास डिश परोसने के लिए स्थानीय होटल मालिकों के बीच जागरूकता पैदा करना।
- एनआईडी, अहमदाबाद द्वारा एक लोगो तैयार करके त्रिपुरा के अनानास की ब्रांडिंग करना।

********